

श्री उदित नारायण झा

Shri Udit Narayan Jha



पद्म भूषण

Padma Bhushan



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री उदित नारायण झा

श्री उदित नारायण के नाम से विख्यात श्री उदित नारायण झा भारतीय सिनेमा के एक प्रसिद्ध पार्श्वगायक हैं।

2. आपका जन्म 1 दिसम्बर, 1955 को बिहार, बैसी (गोथ) जिला सुपौल में हुआ तथा आप अपनी मां श्रीमती भुवनेश्वरी देवी झा से लोकगीत सुनते हुए बड़े हुए। कृषि निर्भर एक परिवार में पलते–बढ़ते हुए आपने 4 वर्ष की आयु से ही गीत गुनगुनाना प्रारंभ कर दिया था तथा धीरे धीरे आप गांव के मेलों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में होने वाले समारोहों में भाग लेने लगे थे। बिहार से एस एस सी पूरा करने के पश्चात आप काठमांडू चले गए तथा एक मैथिली लोक गायक के रूप में आपने रेडियो नेपाल में कार्य किया। आप आठ वर्षों तक नेपाल रेडियो में मैथिली तथा नेपाली गानों के गायक के रूप में कार्य करते रहे। जब आप काठमांडू में थे तब आप कई मौकों पर भारतीय दूतावास में आते–जाते रहते थे तथा अपने गायन का प्रदर्शन किया करते थे। एक ऐसे प्रदर्शन के मौके पर भारत के तत्कालीन राजदूत इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने आपको अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया तथा आप वर्ष 1978 में भारतीय विद्या भवन में पंडित दिनकर कैकिनी के मार्गनिर्देशन में भारतीय शास्त्रीय संगीत सीखने के लिए मुम्बई पहुंचे। आपने पांच वर्षों के पश्चात संगीत विशारद (संगीत की डिग्री) प्राप्त किया।

3. शास्त्रीय संगीत सीखते हुए आप मंचों पर भी प्रदर्शन करते रहे तथा संगीत निर्देशकों के पास जाते रहे। आपकी यात्रा का यह दौर बहुत मुश्किल भरा था। परंतु आपका समर्पण और धैर्य लगभग दस वर्षों में सफलता के रूप में परिणित हुआ। बॉलीवुड में आपकी प्रतिभा को असली पहचान तब मिली जब आपने वर्ष 1988 में अपना पहला ब्लॉकबस्टर गाना 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा' (फिल्म: कयामत से कयामत तक) गाया। शीघ्र ही आपका नाम बहुत लोकप्रिय हो गया तथा अगले तीन दशकों में आपकी यह यात्रा अति सफल रही। आपने अब तक 35 विभिन्न भाषाओं में 18000 से अधिक गानों में अपनी आवाज दी है तथा आप अपने गानों के माध्यम से राष्ट्र को पिछले 36 वर्ष से अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।

4. आपने विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किए हैं। भारत सरकार ने 2009 में आपको पदम श्री से सम्मानित किया। आपने फिल्म लगान, जिंदगी खूबसूरत है तथा स्वदेश के लिए तीन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। आपके अन्य फिल्म संबंधी पुरस्कारों में वर्ष 1988, 1995, 1996, 1999 तथा 2001 में पांच फिल्म फेयर पुरस्कार, वर्ष 1996 और 2002 में स्क्रीन पुरस्कार, वर्ष 2000 में आई आई एफ ए पुरस्कार 1997, 2000 में एम टी वी म्यूजिक पुरस्कार, वर्ष 2000 में एम टी वी एशिया म्यूजिक पुरस्कार तथा 1998 तथा 2001 में संसुई पुरस्कार शामिल हैं।

Shri Udit Narayan Jha

Shri Udit Narayan Jha, widely recognized as Udit Narayan is a celebrated play back singer of Indian cinema.

2. Born on 1st December 1955, in Bihar, Baisi [Goth] Dist. Supaul, Shri Udit Narayan grew up listening to folk songs from his mother Shrimati Bhuvneshwari Devi Jha. Growing up in a family dependant on farming, he started humming at an early age of 4 years and gradually started participating in village fairs and functions of Schools and colleges. After completing SSC from Bihar, he moved to Kathmandu and joined Radio Nepal as a Maithili folk singer. He continued working at Radio Nepal as a singer of Maithili and Nepali Songs for eight years. While in Kathmandu, he used to visit and perform at Indian embassy on various occasions. During one such performance the Ambassador of India was so impressed that he offered his assistance and Shri Narayan came to Mumbai in the year 1978 to learn Indian classical music, under the guidance of Pandit Dinkar Kaikini at Bhartiya Vidya Bhavan. He obtained Sangeet Visarad [Degree in Music] after five years.

3. While learning classical music Shri Narayan kept performing on the stage and started visiting music directors. This part of the journey was arduous. However, his dedication and perseverance paid off, after nearly ten years of struggle. The true recognition of his talent came to Bollywood when he sung his first blockbuster song Papa kehte hain bada naam karega' [Film: Qayamat se Qayamat Tak] in 1988. He soon became household name and next three decades became a legendary journey. He has lent his voice to over 18000 songs in 35 different languages till now and has been serving the Nation with his songs for last 36 years.

4. Shri Narayan is the recipient of numerous awards and honours. The Government of India conferred on him Padma Shri in 2009. He got three National Awards for the films Lagaan, Zindagi Khoobsurat Hai and Swades. His other film related awards are five Film fare awards in 1988, 1995, 1996, 1999 and 2001; Screen award in 1996 and 2002 IIFA award in 2000, MTV Music award in 1997, 2000 MTV Asia music award in 2001and Sansui award in 1998 and 2001.